an>

Title: Need to construct a permanent building for Jawahar Navodaya Vidyalaya No. 2, Japla, Palamu district, Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : मेरा संसदीय क्षेत्र पलामू के जपला में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय-2 अस्थाई भवन में चल रहा है। विद्यालय के स्थाई भवन के निर्माण हेतु जमीन का पंजीकरण 30 अगस्त, 2010 को हो चुका है लेकिन अभी तक इस जमीन पर भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। विद्यालय के स्थाई भवन के अभाव में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अभी इस विद्यालय की कक्षाएं शहीद भगत सिंह कॉलेज के कमरों में चल रही है। विद्यालय परिसर की चारदीवारी के अधूरे निर्माण की वजह से विद्यार्थी भी सुरक्षित नहीं हैं, जिससे उनके अभिभावक भी बहुत चिंतित हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए आवास की भी सुविधा नहीं है। हालात यह है कि परीक्षा के दौरान कुछ कक्षाओं को बंद करना पड़ता है। वर्तमान समय विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या 183 है जबकि स्थाई भवन होने से विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि होगी।

मेरा अनुरोध है कि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय-2, जपला, पलामू, झारखण्ड के स्थाई भवन का निर्माण अतिशीघ्र पूरा किया जाए।